<u>संदेश</u>

जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर मैं, सभी देशवासियों और विदेशों में रह रहे सभी भारतीयों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं।

जन्माष्टमी के दिन हम भगवान श्रीकृष्ण की पूजा करते हैं। खुशी का यह त्योहार हमें भगवान श्रीकृष्ण के दिव्य आदर्शों के प्रति समर्पित होने के लिए प्रेरित करता है। श्रीमद्भगवद्गीता, जो श्रीकृष्ण और अर्जुन के बीच का संवाद है, संपूर्ण मानवता के लिए प्रेरणा और ज्ञान का शाश्वत स्रोत है।

आइए इस अवसर पर, हम भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षाओं को आत्मसात करें तथा देश की प्रगति और समृद्धि के लिए कार्य करने का संकल्प लें।

****